पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

आगरा विश्वविद्यालय के कुलपति का कार्यकाल तीन माह बढ़ा

लखनऊ: 02 सितम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा, श्री राम नाईक ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 मोहम्मद मुजम्मिल का कार्यकाल तीन माह के लिए बढ़ा दिया है। प्रो0 मोहम्मद मुजम्मिल कुलपति डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय का कार्यकाल तीन माह की अवधि या नियमित कुलपति की नियुक्ति अथवा अग्रिम आदेशों, जो भी पहले हो, तक की अवधि के लिए विस्तारित किया गया है।

ज्ञातव्य है कि प्रो0 मोहम्मद मुजम्मिल कुलपति डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय का कार्यकाल 04 सितम्बर, 2016 को समाप्त हो रहा है। कतिपय कारणों से नियमित कुलपति की नियुक्ति किये जाने में कुछ समय लगने की सम्भावना है। इस आशय की जानकारी आज यहां राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर ने दी है।

अंजुम/ललित/राजभवन (311/3)